आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 रविवार दिनांक 18.01.2026

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

मुख्य समाचारः—

1— बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ कल से जारी मुठभेड़ में मरने वाले माओवादियों की संख्या बढ़कर छह हुई।

2— छत्तीसगढ़—झारखंड सीमा पर हुई बस दुर्घटना में पांच लोगों की मौत—वहीं, बीती रात जगदलपुर के पास एक कार के तालाब में गिरने से तीन युवकों की मौत हो गई है।

और

3— बस्तर पंडुम के तहत संभाग स्तरीय आयोजन अब छह से आठ फरवरी तक जगदलपुर में होगा।

..............

<u>माओवादी—मुठभेड़</u>

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच कल से मुठभेड़ चल रही है। आज मौके से दो और शव बरामद किए गए। इस तरह से इस मुठभेड़ में मरने वाले माओवादियों की संख्या बढ़कर छह हो गई है। इनमें चार महिला माओवादी भी शामिल हैं। सुरक्षा बलों ने मौके से दो एके—फोर्टी सेवन, एक इंसास, दो थ्री नॉट थ्री रायफल और एक कार्बाइन सहित कुल छह राइफलें बरामद की हैं।

जिले के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेंद्र यादव ने बताया कि उत्तर— पश्चिम क्षेत्र के जंगल और पहाड़ी इलाकों में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड,

कोबरा बटालियन और स्पेशल टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने कल सुबह सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। इस दौरान सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच रुक–रुक कर गोलीबारी जारी रही। मारे गए सभी माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इनमें से चार की पहचान हुई है, जिनमें नेशनल पार्क एरिया कमेटी का डीवीसीएम दिलीप बेड़जा भी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया में जारी अपने संदेश में माओवादियों से स्पष्ट रूप से कहा है कि वे हिंसा छोड़कर विकास की मुख्यधारा से जुड़े। उन्होंने कहा कि सरकार न्याय, सुरक्षा और सम्मान के साथ पुनर्वास के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

वहीं, उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि इस ऑपरेशन के बाद नेशनल पार्क एरिया अब लगभग नक्सल मुक्त हो चुका है, जो राज्य के लिए एक बड़ी सफलता है।

## दुर्घटना

बस्तर जिले के जगदलपुर में एक कार अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गई। इस हादसे में तालाब में डूबने से तीन युवकों की मौत हो गई। जबकि चार अन्य युवकों को पुलिस ने गाड़ी का कांच तोड़कर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। मृतकों की पहचान कर ली गई है। कार में सवार सभी युवक क्रिकेट खेलने गए थे और रात में कालीपुर से जगदलपुर शहर लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी कार अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी।

उधर, छत्तीसगढ़ से जा रही एक बस झारखंड के लातेहार जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, पच्चीस से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। घटना छत्तीसगढ़–झारखंड सीमा पर सामरी के ओरसा पाठ घाट में हुई। घायलों का इलाज महुआडांड़ के अस्पताल में जारी है, जहां कुछ यात्रियों की स्थिति गंभीर बनी हुई ळें

## राष्ट्रीय राजमार्ग–ब्लैक स्पॉट

प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर बनाए जाने वाले अंडरपास और सर्विस रोड निर्माण से संबंधित परियोजनाओं के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और निर्माण से जुड़ी औपचारिकताएं प्रगति पर हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग–तिरपन पर दुर्ग से महाराष्ट्र–छत्तीसगढ़ सीमा पर सुंदरा, पेंड्री, चिचोला, महाराजपुर और सोमनी गांवों में लगभग नब्बे करोड़ रुपये की लागत से अंडरपास और सर्विस रोड का निर्माण किया जाना है। इसके अलावा रसमड़ा में भी लगभग तीस करोड़ रुपये की लागत से अंडरपास बनाया जा रहा है। इस प्रकार प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर कुल लगभग दो सौ सात करोड़ रुपये की लागत से अंडरपास और सर्विस रोड की विभिन्न परियोजनाएं चल रही हैं।

इसके अलावा, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया–एनएचएआई द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर चिन्हांकित ब्लैकस्पॉट्स पर दुर्घटना के खतरों से बचाने के लिए रंबल स्ट्रिप्स, क्रैश बैरियर्स, सोलर ब्लिंकर, हाई–मास्ट लाइट्स और मानक साइन बोर्ड्स लगाए गए हैं।

## उपमुख्यमंत्री–रानी दुर्गावती प्रतिमा

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने आज मुंगेली जिले के परसवारा गांव में वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि महान वीरांगना रानी दुर्गावती का जीवन साहस, नेतृत्व और आत्मसम्मान का जीवंत उदाहरण है। यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को उनके अद्भुत शौर्य, बलिदान और राष्ट्रभक्ति की भावना को और सुदृढ़ करेगी।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने लोरमी में मंगल भवन निर्माण के लिए पच्चीस लाख रुपए और परसवारा में सीसी रोड निर्माण के लिए दस लाख रुपए देने की घोषणा की।

कर्मा महोत्सव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल सूरजपुर जिले के चुनगुड़ी में आयोजित कर्मा महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कर्मा महोत्सव छत्तीसगढ़ की समृद्ध जनजातीय संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। ऐसे आयोजन लोक पर्वों को सहेजने के साथ–साथ नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने एक सौ बहत्तर करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। उन्होंने चुनगुड़ी के स्कूल मैदान को मिनी स्टेडियम के रूप में विकसित करने और नगर पंचायत भटगांव के विकास के लिए एक करोड़ रुपये देने की घोषणा की।

कर्मा महोत्सव में सूरजपुर, सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, कोरिया और मनेंद्रगढ़ जिले से आए तैंतीस लोक कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में कर्मा नृत्य प्रस्तुत किया।

बस्तर पंडुम

बस्तर पंडुम के संभाग स्तरीय आयोजन की तिथि में आंशिक संशोधन किया गया है। संस्कृति विभाग के अनुसार अब इसका आयोजन छह से आठ फरवरी तक जगदलपुर में होगा, जहां जिला स्तर पर बारह विधाओं में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता दल और कलाकार शामिल होंगे।

गौरतलब है कि बस्तर पंडुम का तीन चरणों में आयोजन जनपद, जिला और संभाग स्तर पर बारह विधाओं में किया जा रहा है। इस आयोजन से बस्तर अंचल की लोककला, शिल्प, नृत्य, गीत–संगीत, पारंपरिक व्यंजन, बोली–भाषा, वेश–भूषा, आभूषण, वाद्य यंत्र, नाट्य और जनजातीय जीवन–पद्धति के संरक्षण और संवर्धन के लिए एक मंच मिला है। बस्तर पंडुम में जनपद स्तरीय

स्पर्धाएं बीस जनवरी तक पूरी हो जाएंगी। इसके बाद चौबीस से उनतीस जनवरी तक जिला स्तरीय और छह से आठ फरवरी तक संभाग स्तरीय आयोजन होगा।

रायपुर साहित्य उत्सव–बस सेवा

रायपुर साहित्य उत्सव का आयोजन नवा रायपुर के पुरखौती मुक्तांगन में तेईस से पच्चीस जनवरी तक किया जाएगा। इस दौरान आम नागरिकों, साहित्य प्रेमियों, विद्यार्थियों और युवाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शहर में निःशुल्क बस सेवा संचालित की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार आयोजन स्थल तक आने और जाने के लिए लगभग पन्द्रह बसों का निःशुल्क संचालन किया जाएगा। बसों की विस्तृत समय–सारणी शीघ्र जारी की जाएगी।

सिरपुर महोत्सव

तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव का आयोजन एक फरवरी से किया जाएगा। महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के साथ जिला प्रशासन की टीम सिरपुर पहुंची। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आयोजन को सुव्यवस्थित और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि इस बार सिरपुर के ऐतिहासिक महत्व को लेकर ऑनलाइन पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की जाएंगी।

बैडमिंटन प्रतियोगिता—चयन

बस्तर के दो अधिकारियों का चयन ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इनमें जगदलपुर स्थित केन्द्रीय संचार ब्यूरो कार्यालय में पदस्थ बी.एस. ध्रुव तथा एनआईसी कोंडागांव के संयुक्त निदेशक हेमन्त भगत शामिल हैं। इनका चयन ओपन कैटेगरी में हुआ है।

गौरतलब है कि यह राष्ट्रीय स्तर का बैडमिंटन टूर्नामेंट गोवा में पन्द्रह से इक्कीस फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में देशभर से विभिन्न विभागों के चयनित अधिकारी और खिलाड़ी भाग लेंगे।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

— रायपुर और जबलपुर के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस, जिसका नाम हाल ही में बदलकर 'मूकमाटी एक्सप्रेस' कर दिया गया है, उसे कल उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रायपुर रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

— वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ जिला अस्पताल में ब्रेन हेल्थ क्लीनिक का शुभारंभ किया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस क्लीनिक के शुरू होने से अब इस क्षेत्र के लोगों को मस्तिष्क, मानसिक और स्पाइन से संबंधित बीमारियों का इलाज यहीं मिल सकेगा।

— मोहला—मानपुर जिल के करमरी ग्राम में विकसित भारत —जी राम जी योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने मानव श्रृंखला बनाकर "आत्मनिर्भर गांव—विकसित भारत" का संदेश दिया।

– रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बीती रात लगी आग में दस्तावेज और फर्नीचर जलकर नष्ट हो गए हैं। घटना की जांच के लिए डीपीआई ने तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है, जो पांच दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

और

– राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी–एनटीए ने जेईई मेन दो हजार छब्बीस के पहले सत्र की परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>